# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

******************

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार कपास की खेती, पौधों में होने वाली बीमारियों, बुनकरों और कृषि उद्योग से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के उपाय करेगी। कोयम्बटूर में आज आई सी ए आर अनुसंधान केंद्र में मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि सरकार कृषि से जुड़े हर पहलु को लेकर चिंतित है।

******************

सावन का पवित्र महीना आज से शुरु हो गया है। इसके साथ ही देवघर स्थित बाबाधाम में जलाभिषेक के लिए कांवरियों का सैलाब उमड़ पड़ा है।सुबह 4 बजे से ही बाबा बैद्यनाथ में श्रद्धालु जलार्पण कर रहे हैं।

दुमका के बासुकीनाथ में भी श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ देखी जा रही है। रांची के पहाड़ी मंदिर समेत राज्य के अन्य शिवालयों में भी आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा है। खूंटी के अमरेश्वर धाम में भी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है।

******************

देवघर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर गोड्डा से मेमू स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

रांची में कल सुबह 9.45 बजे से सीसीएल ऑडिटोरियम, दरभंगा हाउस में रोजगार मेले के तहत सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्रों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों को संबोधित करेंगे, जबकि कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

******************

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा है कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए माता–पिता को पालन पोषण की सही योजना तैयार करनी चाहिए। इस वर्ष का विषय है माँ और बच्चे के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गर्भावस्था के दौरान सही देखभाल। इस अवसर पर झारखंड में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

******************

झारखंड सरकार के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा आज जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य में शराब की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों के संचालन के लिए अधिसूचित नियमावली 1 सितंबर 2025 से प्रभावी होगी। इस अधिसूचना के तहत पूर्व में जारी सभी आदेश निरस्त कर दिए गए हैं और अब नई नियमावली के अनुरूप ही दुकानें संचालित होंगी।

******************

खूंटी के बिचना सरनाटोली में धान रोपनी के दौरान 11 हजार वोल्ट के झूलते हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग से झूलते तारों को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में वज्रपात और हल्की बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। रांची, पूर्वी सिंहभूम, गुमला, लोहरदगा, सरायकेला–खरसावां, बोकारो और खूंटी जिलों के कुछ भागों में अगले तीन घंटों के भीतर गरज के साथ हल्की बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को खुले स्थानों से दूर रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है।

******************